(b) District-wise position of number of gas connections in Kerala is as under:

| Name of District | IOC |
|---|---|
| Kottayam | 2864 |
| Cannanore/Tellicherry | 3586 |
| Calicut | 5221 |
| Trivandrum | 14008 |
| Cochin/Ernakulam/Alwaye | 19795 |
| Palghat | 3027 |
| Trichur | 4961 |
| Quilon | 3178 |
| Alleppey | 1772 |
| Total | 58412 |

(c) New gas connections on a significant scale are expected to be given from the beginning of 1981 with the commissioning of the facilities for extraction of Liquefied Petroleum Gas from Bombay High Associated Gas followed by additional availability of the product at Mathura and Koyali Refineries. A plan for equitable distribution of the products throughout the country would be drawn up on the following considerations:—

(i) Liquefied Petroleum Gas availability throughout the years;

(ii) Source of supply;

(iii) Potential demand in various States;

(iv) Logistics of supply; and

(v) Viability of operations.

## News Item Captioned "Erratic power Supply Hits HEC"

1798. SHRI PIUS TIRKEY: Will the Minister of ENERGY AND COAL be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to news item in 'The Hindustan Times' dated the 8th June, 1980 captioned 'Erratic Power supply hits HEC';

(b) if so, the reaction of Government; and

(c) what steps Government have taken to meet the supply of power to HEC?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). Arrangement for supply of power to Heavy Engineering Corporation Ranchi is the responsibility of Bihar State Electricity Board. Central Electricity Authority have been assisting Bihar State Electricity Board to improve their generation from the Thermal Power Stations at Patratu and Barauni, by arranging deputation of experts from centre and advising State Electricity Board to improve their maintenance management techniques.

## उत्तर प्रदेश मे गंडक परियोजना पर व्यय

1799. श्री झारखण्डे राय: क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में गण्डक परियोजना पर अब तक कितने करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं;

(ख) क्या देवरिया जिले में चिखारी बघड़ा में गण्डक नदी पर पुल का निर्माण कार्य रोक दिया गया है;

(ग) यदि नहीं, तो पुल का निर्माण रोके रखने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस बारे में पूर्ण ब्यौरा सभा पटल पर रखा जाएगा; और

(ङ) सरकार की योजना के अनुसार निर्माण कार्य पूरा होने में कितने वर्ष का समय लगेगा?

**सिंचाई मंत्री (श्री केदार पाण्डेय):** (क) उत्तर प्रदेश की 1980-81 की वार्षिक योजना के अनुसार उत्तर प्रदेश में गंडक नहर परियोजना पर किए गए खर्च का ब्यौरा निम्नलिखित है:-

| | (करोड़ रुपए) |
|---|---|
| 1961 से 1978-79 तक | 56·91 |
| 1979-80 (प्रत्याशित) | 8·85 |
| 1980-81 (प्रस्तावित) | 9·00 |

(ख) से (ङ). प्रश्न संभवत: रेल पुल के निर्माण से संबंधित है।

रेल मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार गंडक नहर ने अपना मार्ग बदल लिया है जिसके कारण रेल पुल के स्थान के बारे में पुन: जांच करने और नदी नियंत्रण वर्क्स के डिजाइन तैयार करने की आवश्यकता है।

**गैस के सिलिण्डरों पर एल्यूमिनियम की सील**

1800. **श्री तारिक अनवर** : क्या **पेट्रोलियम तथा रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने गैस के सिलिण्डरों पर एल्यूमिनियम की सील लगाने की प्रथा बन्द कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो दिल्ली में कुछ अधिकृत विक्रेताओं द्वारा बिना सील के गैस सिलिण्डरों की सप्लाई करने के क्या कारण हैं; और

(घ) इस सम्बन्ध में प्राप्त हुई शिकायतों के प्राप्त होने पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री वीरेन्द्र पाटिल)** : (क) और (ख). गैस सिलिण्डरों पर एल्यूमिनियम सील लगाना, जो इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा संघ शासित दिल्ली में प्रारम्भ किया गया था इन सीलों के आवश्यकता अनुसार उपयुक्त न पाये जाने के कारण इनका प्रयोग बंद किया गया है ।

(ग) और (घ). सभी गैस सिलिण्डरों को तरल पेट्रोलियम गैस के वितरकों को सप्लाई किये जाने से पहले इंडियन आयल कार्पोरेशन द्वारा सील किये जाते हैं । अगर इस सम्बन्ध में कोई शिकायतें प्राप्त की जाती हैं तो तेल कम्पनियों द्वारा जांच की जाती है और उनके द्वारा औपचारिक उपाए किये जाते हैं ।

**राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में पेट्रोल व डीजल के पम्प**

1801. **श्री गिरधारी लाल व्यास** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में उन तहसीलों और उप-मंडलीय अधिकारी मुख्यालयों के नाम क्या हैं जहां पैट्रोल और डीजल के पम्प हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि कई तहसीलों तथा उपमण्डलीय मुख्यालयों में एक भी पैट्रोल पम्प और डीजल पम्प नहीं है जिसके परिणामस्वरूप लोगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ; और

(ग) सरकार द्वारा इन स्थानों में यथाशीघ्र पम्पों की व्यवस्था करके इस कठिनाई को दूर करने के लिए क्या कदम उठाये जाने का विचार है?

**पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री वीरेन्द्र पाटिल)** : (क) से (ख). राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की 11 तहसीलों में से पांच में पेट्रोल/डीजल पम्प स्टेशन हैं । वे भीलवाडा माण्डल, शादा, शाहपुर और मण्डलगढ़ हैं । शेष 6 तहसीलों की आवश्यकताएं इस समय निकट के फुटकर पेट्रोल पम्पों से पूरी की जा रही हैं । इंडियन आयल कारपोरेशन ने पहले ही दो फुटकर पैट्रोल पम्पों की योजना बनाई है जो प्रत्येक असिन्द और जहांजपुर में होंगे और अन्य 4 तहसीलों के लिए मांग की सम्भावनाओं का उद्योग द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है ।